an>

Title: Need to address the problem of shortage of LPG cylinders in Dhanbad Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) ः मैं माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र धनबाद, झारखण्ड के एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर घरेलू उपभोक्ताओं की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही समस्याओं की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद (झारखण्ड) में लगभग 1.75 लाख एल.पी.जी. गैस उपभोक्ता और 16 से 20 लाख एल.पी.जी. एजेंसियाँ हैं परंतु प्रत्येक गैस एजेंसी में 20-20 दिन का एल.पी.जी. सिलेण्डर बुकिंग पश्चात वेटिंग चलता है, जिससे दिन-प्रतिदिन गैस सिलेण्डर उपभोक्ताओं की असुविधा बढ़ती जा रही है। यह 20-20 दिन गैस सिलेण्डर बुकिंग पश्चात वेटिंग की समस्या उन उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत ही असुविधाजनक है, जिनके पास मात्र एक ही एल.पी.जी. गैस कनेक्शन है।

अतः मेरा माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर की उपलब्धता संबंधित इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को निर्देशित कर बढ़ाने एवं जिन एल.पी.जी. उपभोक्ताओं के पास एक ही कनेक्शन है, उनके कनेक्शन दो कराने की कृपा की जाए।